आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 08.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार की अंतर मंत्रालयीय टीम आज उत्तराखंड में आपदा से हुई क्षति का आकलन करेगी।
- 11 सितम्बर से रानीखेत में अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और उधम सिंह नगर के युवाओं के लिये भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।
- स्वास्थ्य विभाग में जल्द 300 नए चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी।
- हल्द्वानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर, गौलापार में आज से 20वीं कैडेट राष्ट्रीय तलवारबाज़ी प्रतियोगिता की शुरूआत।

आपदा क्षति

केंद्र सरकार की अंतर मंत्रालयीय टीम आज उत्तराखंड में आपदा से हुई क्षति का आकलन करेगी। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि टीम आपदा प्रभावित जिलों का निरीक्षण कर शासन स्तर पर बैठक करेगी। इसका उद्देश्य राज्य को हुए वास्तविक नुकसान का आकलन कर आगे की आर्थिक मदद का आधार तैयार करना है।

श्री सुमन ने कहा कि नुकसान का वास्तविक आकलन करने के लिए जल्द ही पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट प्रक्रिया भी शुरू होगी। केंद्र सरकार से मिलने वाली विशेष सहायता राशि इसी के आधार पर तय होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने उत्तराखंड को हरसंभव आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है कि इस वर्ष राज्य में अधिक वर्षा से जनजीवन प्रभावित होने के साथ सड़कों, पुलों, भवनों और अन्य ढांचों को भारी नुकसान हुआ है। केंद्रीय टीम उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी, बागेश्वर और नैनीताल जिलों का भ्रमण कर रिपोर्ट तैयार करेगी।

सहायता राशि

राजस्थान सरकार ने उत्तराखंड को आपदा राहत के लिये 5 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। यह राशि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों में उपयोग में लाई जाएगी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर आपदा में प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई और कहा कि राजस्थान इस संकट की घड़ी में उत्तराखंड के साथ खड़ा है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्य जल्द पूरे होंगे।

मुख्यमंत्री धामी ने इस सहायता के लिए राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

मुलाकात/निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री व नैनीताल जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने नैनीताल जिले की लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने गोला नदी में जलस्तर बढ़ने से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की।

ग्रामीणों ने हर साल हो रहे भूकटाव से स्थाई समाधान की मांग की। इस पर रेखा आर्या ने आश्वासन दिया कि ब्रिडकुल के माध्यम से प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं और शीघ्र ही कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नुकसान का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वन विभाग ने जानकारी दी कि भूकटाव रोकने के लिए 38 लाख का तात्कालिक प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जबकि स्थाई समाधान के लिए वन, सिंचाई विभाग और ब्रिडकुल द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

श्रीमती आर्या ने कहा कि गोला नदी से हर साल हो रहे भूकटाव का स्थाई समाधान जरूरी है और संबंधित विभाग जल्द ही बाढ़ सुरक्षा कार्य पूरे करें।

भर्ती रैली

सेना भर्ती कार्यालय अल्मोड़ा की ओर से 11 सितम्बर से चार जिलों के युवाओं के लिए भर्ती रैली शुरू की जा रही है। यह रैली कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर, सोमनाथ ग्राउंड रानीखेत में होगी। भर्ती रैली में अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और उधम सिंह नगर के युवा शामिल होंगे। उम्मीदवारों को रात ढाई बजे से प्रवेश मिलेगा और प्रवेश केवल सुबह 6 बजे तक ही रहेगा। पहले दिन बागेश्वर जिले के युवाओं की दौड़ कराई जाएगी। तैयारियों को लेकर जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को रैली के सुचारू संचालन में सेना को सहयोग देने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही स्थानीय महिला समूहों को उम्मीदवारों को छूट पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने भर्ती कार्यालय को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

जनसांख्यिकी संरचना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से राज्य में धर्मांतरण विरोधी और दंगा विरोधी कानून लागू किए गए हैं, साथ ही नौ हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने देहरादून में आयोजित जैन समाज सम्मेलन में कहा कि जैन कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर प्राप्त सुझावों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जैन समाज भविष्य में भी उत्तराखंड के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभाता रहेगा।

नए चिकित्सकों की भर्ती

स्वास्थ्य विभाग में 300 नए चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को अधियाचन भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

राष्ट्रीय तलवारबाज़ी प्रतियोगिता

हल्द्वानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर, गौलापार में आज से 20वीं कैडेट राष्ट्रीय तलवारबाज़ी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। 13 सितम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से अंडर–17 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। मेजबान उत्तराखंड से कुल 24 खिलाड़ी इस राष्ट्रीय मुकाबले में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

भालू के बढ़ते हमले

पौड़ी जिले के पैठाणी क्षेत्र के कई गांव भालू के हमलों से परेशान हैं। लगातार बढ़ती घटनाओं से चिंतित ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने इलाके में 17 सदस्यीय विशेष टीम की तैनाती की है। यह टीम अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है और भालू की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रख रही है।

कुचौली, कुडील, कठयूड़ और सौंठ जैसे गांवों में भालू के हमले लगातार सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वन विभाग ने संभावित स्थलों पर एक ड्रोन कैमरा और दस ट्रैप कैमरे लगाए हैं।

उप वन क्षेत्राधिकारी आयशा बिष्ट ने बताया कि भालू की निगरानी के लिए टीम अलग–अलग गांवों में रातभर गश्त कर रही है। इस दौरान पिंजरे और जाल भी लगाए गए हैं ताकि भालू को सुरक्षित पकड़ा जा सके।

सम्मान समारोह

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मुंबई में उत्तरांचल महासंघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रवासी उत्तराखंडी शिक्षकों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया।

डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड की प्रतिभाएं देश–विदेश में अपनी मेहनत और ज्ञान से नई पहचान बना रही हैं। उन्होंने प्रवासी उत्तराखंडियों से शिक्षा क्षेत्र में सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले पांच विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

चंद्र ग्रहण की खगोलीय घटना को सभी सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने खबर का शीर्षक लिखा है — अद्भुत : धरती की छाया से पूरा लाल हो गया चांद। अमर उजाला लिखता है — साल का आखिरी चंद्रग्रहण, सूर्ख लाल रंग में दिखा चांद। नवौदय टाइम्स ने लिखा है— 2025 का आखरी पूर्ण चंद्रग्रहण।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के डेमोग्राफी को लेकर जारी एक बयान को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखता है — प्रदेश का स्वरूप संरक्षित रखना प्राथमिकता।

स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की भर्ती को लेकर सभी समाचार प़त्रों ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने इस खबर पर लिखा है— स्वास्थ्य विभाग में करेगा 300 डॉक्टरों की भर्ती।

नागर विमानन मंत्रालय ने केदारनाथ हेली सेवा पर रोक हटा दी है। सभी समाचार पत्रों ने इस खबर का प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है — हट गई रोक, केदारनाथ व हेमकुंड साहिब के लिए हेली सेवा 15 सितंबर से होगी शुरू।